अन्य दलित वर्गो की अनिवार्य जरूरतों पर विशेष ध्यान देते हुए, समाज की भलाई के लिए किया जाए । हमारी सरकार इस दर्शन को निष्ठापूर्वक अपनाएगी। सरकार, हमारी राजनीति की धर्मनिरपेक्ष और बहुलवादी नींव को सुद्दढ़ करने और सामाजिक एंव आर्थिक विकास की प्रक्रिया में तेजी लाने पर आम सहमति बनाने के लिए ईमानदारी से कार्य करेगी । हमारी जनता में सृजनात्मक शक्ति का अपार भंडार है। उन्हें शासन पद्धति में सुधार की उत्सुकता से प्रीतक्षा हैं जिससे कि राष्ट्र निर्माण के कार्य में इस ऊर्जा का पूर्ण उपयोग किया जा सके । इक्कीसवीं सदी को भारत की सदी बनाने का दायित्व हम सब पर है। यह अवश्यं भावी है कि भारत उदीयमान विश्व अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख शक्ति बनकर उभरेगा और इस प्रक्रिया में हमारे समाज के बड़े भाग को अभी भी प्रभावित करने वाली अत्यधिक गरीबी, अज्ञानता और बीमारी से छुटकारा मिल सकेगा । जनता के प्रतिनिधियों के रूप में आपका यह दायित्व है कि हमारी जनता के इस उमड़ते आवेग को सही दिशा दे जिससे कि अभाव और शोषण के भय से मुक्त एक नए भारत का निर्माण हो सके । यह मेरी हार्दिक आशा और इच्छा है कि देश हित में आपके विचार-विमर्श में परिपक्वता और बुद्धिमत्ता की अभिव्यक्ति होगी और ये देशभक्तिपूर्ण और निःस्वार्थ भावना से प्रेरित होंगे

मैं आपके प्रयासों की सफलता की कामना करता हूं।

जय हिन्द

[Placed in Library. *See* No. LT.02/04]

---

## PAPERS LAID ON THE TABLE

### Statement showing the Bills passed by the Houses of Parliament and assented to by the President

SECRETARY-GENERAL: Sir, I beg to lay on the Table a Statement (in English and Hindi) showing the Bills passed by the Houses of Parliament during the Two-hundredth Session of the Rajya Sabha and assented to by the President. [Placed in Library. *See* No. L.T.03/04]

---

## REPORTS OF THE COMMITTEE ON PETITIONS

**श्री जनेश्वर मिश्र** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं याचिका समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) प्रस्तुत करता हूं :

(i) Hundred and Nineteenth Report on the petitions signed by Shri H.D. Shourie, Director, Common Cause, New Delhi and 273 others praying for early passage of the Delhi Rent (Amendment) Bill, 1997 in Rajya Sabha;

(ii) Hundred and Twentieth Report on the petition signed by Shri S. Balakrishnan, a retired employee of Hindustan Aeronautics Ltd. and a resident of Bangalore praying for lowering the age limit for Senior Citizens from 65 years to 60 years; and

(iii) Hundred and Twenty-first Report on the petition signed by Shri Bibhudhendra Pratap Das, President, Brahmani Anchal Suraksha Parishad, Bikrampur, Talcher, (Orissa) and countersigned by Shri Balkavi Bairagi, Member, Rajya Sabha praying for measures to check pollution of the Brahmani river and other water bodies in Orissa.

---

## MATTER RAISED WITH PERMISSION
### Re. Induction of some Ministers in the Council of Ministers

**श्री सभापति :** जसवंत सिंह जी, आप बोलना चाहते हैं?

**विपक्ष के नेता (श्री जसवंत सिंह) :** चैयरमेन साहब, माननीय प्रधान मंत्री जी कैबिनेट के मंत्रियों का परिचय कराएं , उस से पहले अपने आप में हमें खेद है कि सरकार के कार्यकलाप के पहले कदम पर ही आपत्तियां या ऐसा एक वातावरण पैदा हुआ है। महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी को संवैधानिक अधिकार है कि वह अपने मंत्रिमण्डल का चयन स्वंय करें और उस चयन में किसी और को किसी प्रकार से दखल देने का कोई अधिकार नहीं है, पर यह तो अब सर्व-विदित है कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने यह चयन स्वयं किया है या उन से कराया गया है, यह अलग बात है । परंतु जैसे राष्ट्रपति जी को अधिकार है कि वह संसद या ससंद से बाहर भी theoretically किसी को बुलाकर प्रधान मंत्री का न्योता दे सकते हैं, उसी प्रकार प्रधान मंत्री को भी यह अधिकार है कि वह अपने मंत्रिमंण्डल का स्वयं चयन करें । तो क्या माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस मत्रिमण्डल का चयन स्वयं किया है या उन से करवाया गया हैं? ...(**व्यवधान**)...

**प्रो. राम देव भंडारी** (बिहार) **:** यह कोई सवाल नहीं है ...(**व्यवधान**)... सर, प्रधान मंत्री जी को अधिकार है ...(**व्यवधान**)... यह गलत टीका-टिप्पणी कर रहे हैं...(**व्यवधान**)... उन्होंने गलत टीका-टिप्पणी की है। वह प्रधान मंत्री जी के अधिकार को चैलेज कर रहे हैं, प्रधान मंत्री जी केअधिकार को चुनौती दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... सर, वह प्रधान मंत्री जी के अधिकार को चुनौती दे रहे है, जोकि उन के लिए उचित नहीं है। ...(**व्यवधान**)... सर, यह अटल बिहारी जी का बयान है, मैं आपको पढ़कर सुनाता हूं ।...(**व्यवधान**)...

**श्री एस.एस. अहलुवालिया** (झारखंड) **:** सभापति जी, अगर सदन में विपक्ष के नेता नहीं बोल सकते तो सदन के नेता भी नहीं बोल सकेंगे । ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN : Introduction of Ministers. Dr. Manmohan Singh....*(Interruptions)...*